**विज्ञापन संख्या: 02/वाईपी-II/एनसीडी/2025-26** **दिनांक: 16/02/2026**

# रिक्ति अधिसूचना

परिषद अपने एनसीडी प्रभाग के अंतर्गत कार्य-प्रबंधन के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर **एक परामर्शक (वैज्ञानिक) और एक युवा पेशेवर-II** की नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है।

**अनिवार्य अर्हकताएं और अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **पद का नाम** | **परामर्शक** (वैज्ञानिक/तकनीकी-नॉन-मेडिकल) |
| | **रिक्तियों की संख्या** | 01(एक) (अनारक्षित) |
| | **अनिवार्य अर्हकताएं एवं अनुभव** | • मानव विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/जनसंख्या विज्ञान/जन स्वास्थ्य/महामारी विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ अर्हकता प्राप्ति करने के बाद का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव।<br>नोट:<br>1. पीएचडी को 4 वर्ष के अनुभव के रुप में माना जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)।<br>2. एम.पी.एच. को किसी भी अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।<br>या<br>अपेक्षित अर्हकता रखने वाले नियमित वेतन स्तर-10 और उससे ऊपर के वेतन स्तर सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी तथा अपेक्षित विशेषज्ञता में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव हो। |
| | **वांछनीय** | • स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान/कार्यान्वयन/प्रचालन अनुसंधान में कार्य करने का अनुभव।<br>• गहन विश्लेषणात्मक, समस्या-समाधान और परियोजना/ प्रशासनिक प्रबंधन दक्षता।<br>• क्षेत्रीय टीमों को डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों के उपयोग में प्रशिक्षित और सहायता करने की अर्हकता।<br>• प्रमाणित प्रकाशन रिकॉर्ड।<br>• सौपें गए कार्य से संबंधित यात्रा/क्षेत्र की गतिविधियों में इच्छुक।<br>• गुणात्मकता और मात्रात्मकता आकडों को संग्रहण, उपकरणों और विश्लेषण का अनुभव। |
| | **पारिश्रमिक** | ₹1,00,000-1,80,000/- प्रति माह (समेकित) - यह चयन समिति द्वारा शैक्षिक अर्हकता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तय किया जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| | **आयु सीमा** | 40 से 70 वर्ष। |
| | **कार्यकाल** | एक वर्ष (आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जा सकता है) |
| | **कार्य का स्थान** | परिषद मुख्यालय,नई दिल्ली। |
| **2.** | **पद का नाम** | **युवा पेशेवर -II (तकनीकी/वैज्ञानिक)** |
| | **रिक्तियों की संख्या** | 1 (एक) – अनारक्षित |
| | **अनिवार्य अर्हकताएं एवं अनुभव** | मानव विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/जनसंख्या विज्ञान/जन स्वास्थ्य/ सूक्ष्मजीवविज्ञान में कम से कम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त संबंधित क्षेत्र में अर्हकता अर्जित करने के बाद एक वर्ष का अनुभव। |
| | **वांछनीय** | • अनुसंधान एवं कार्यक्रम गतिविधियों से संबंधी कार्यालय में समन्वय और कार्यान्वयन में सहायता करना।<br>• वैज्ञानिक पांडुलिपि लेखन का पूर्व अनुभव।<br>• परियोजना निधि का प्रबंधन करना, शोध कार्य के समर्थन हेतु राशि स्वीकृत करना और जारी करना, परियोजना से संबंधित पूछताछ तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों का संचालन करना।<br>• वर्चुअल मीटिंग प्लेटफ़ॉर्म, लेखा-परीक्षा, कार्यालय प्रशासन और लेखा/वित्त एवं लेखा और कंप्यूटर कौशल (एमएस वर्ड /एक्सेल/पॉवर पॉइट आदि) का ज्ञान अतिरिक्त लाभ होगा। |
| | **समेकित परिलब्धियाँ** | रु. 42,000/- (समेकित) |
| | **आयु सीमा** | 40 वर्ष। |
| | **कार्यकाल** | 02 माह ( बढ़ाया जा सकता है) |
| | **कार्य का स्थान** | परिषद मुख्यालय,नई दिल्ली |

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में अपना आवेदन, शैक्षणिक अर्हकता एवं अनुभव प्रमाणपत्रों के साथ, **recruit.icmr@gmail.com** पर दिनांक **03.03.2026** तक भेज सकते हैं। देर से/विलंबित/अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी कारण, सूचना या पत्राचार के तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन समय पर प्रस्तुत करें।

**निबंधन और सामान्य शर्तें:-**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
2. ये पद अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं और परियोजना की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
3. उपर्युक्त विज्ञापित पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। इसलिए, परिषद सभी विज्ञापित पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है और यह प्रक्रिया किसी भी समय वापस ली जा सकती है/रद्द/संशोधित की जा सकती है।
4. आयु सीमा की अंतिम तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के अनुसार होगी।
5. आयु में छूट परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।

6. अर्हकता एवं अनुभव प्रासंगिक विषय/क्षेत्र में तथा किसी प्रतिष्ठित संस्थान से प्राप्त होना चाहिए। अनुभव न्यूनतम आवश्यक अर्हकता प्राप्त करने के बाद प्राप्त किया गया होना चाहिए।
7. केवल अनिवार्य अर्हकता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
8. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के अंतर्गत पहले से ही नियमित समय वेतनमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
9. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और उम्मीदवारों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
10. परिषद किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
12. नियुक्त व्यक्तियों की तैनाती सामान्यतः परिषद मुख्यालय में होगी; हालाँकि, उन्हें किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा देनी होगी।
13. उपर्युक्त पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का परिषद या इसके किसी भी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी भी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और आईसीएमआर में किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं/सेवा में अवकाश सहित या बिना अवकाश के उनका कार्यकाल उन्हें परिषद में किसी अन्य परियोजना में आगे कार्यभार सौंपने या स्थानांतरण या नियुक्ति/आमेलन/सेवा के नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगा। उपर्युक्त पदों पर भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और परिषद के नियमित कर्मचारियों को लागू अन्य सुविधाओं के लाभ स्वीकार्य नहीं हैं।
14. सफल उम्मीदवारों को सामान्यतः आवश्यकताओं के आधार पर, प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए उपरोक्त पदों पर नियुक्त किया जाएगा। नियुक्ति की निरंतरता/विस्तार कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा।
15. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए सहमत अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी पदों को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. इन पदों के लिए अवकाश परिषद नीति के अनुसार होगा।
17. उम्मीदवार को निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, अपनी हाल की पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर, विस्तृत बायोडाटा/सी.वी. और सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा;स्व-सत्यापित; अपनी शैक्षिक अर्हकता [दसवीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और अंकतालिकाएँ] कार्य अनुभव, आयु, जाति और फोटो पहचान पत्र [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में, आवेदन जमा करने की निर्धारित तारीख और समय के भीतर जमा करना होगा, अन्यथा उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंबित/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
18. परिषद अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
19. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
20. किसी भी प्रकार का प्रभाव डलवाना अयोग्यता का कारण बनेगा।

21. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी; यदि कोई हो; केवल परिषद की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अतः, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित अन्य अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट: **https://www.icmr.nic.in** का अवलोकन करें।

**(श्री दिनेश सोनी)**
**वरि. प्रशासन अधिकारी**

अनुलग्नक - 1

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, अंसारी नगर, नई दिल्ली – 110029

युवा पेशेवर-II (केवल संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन)

**आवेदन-पत्र**

हाल ही का पासपोर्ट साइज का छायाचित्र चिपकाएं

आवेदित पद........................................................................................

विज्ञापन संख्या....................................................................................

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में)....................................................
   ...........................................................................................................................
2. पिता का नाम/पति का नाम..........................................................................................
3. जन्म-तिथि ............................................................................................
4. वर्तमान आयु(27.08.2025)तक............................वर्ष..............................माह....................दिन.........
5. लिंगः..........................................................................
6. श्रेणी: सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र का साक्ष्य संलग्न करें)
7. पत्राचार का पता...................................................................
   ...........................................................................................................................
8. स्थाई पता...............................................................................
   ...........................................................................................................................
9. मोबाइल नं.........................................................................................
10. ईमेल-आईडी..................................................................................
11. शैक्षिक अर्हकताएं [सभी उत्तीर्ण शैक्षिक परीक्षाओं और प्राप्त डिग्रियों का विवरण (मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षाओं से शुरू करें)। सभी प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करें]

| क्र. सं. | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | अध्ययन के विषय | अकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12 .अनुभव (वर्तमान नियोक्ता से शुरू करते हुए कालानुक्रमिक क्रम में)

| क्रं.सं. | नियोक्ता का नाम | पद | कर्तव्यों का स्वरुप | कार्यभार ग्रहण की तारीख | छोड़ने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13.कोई अन्य सूचना..............................................................................................

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त दी गई जानकारी मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा प्रदान की गई किसी भी जानकारी को किसी भी चरण में गलत या असत्य पाया जाता है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना किसी सूचना या मुआवज़े के रद्द/समाप्त कर दी जाएगी।"

स्थान:

दिनांकः

(आवेदक के हस्ताक्षर)

**संलग्नक: सभी प्रमाणपत्रों/प्रशंसापत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां**